भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2873
दिनांक 12.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

ओडिशा में हर घर नल से जल योजना का कार्यान्वयन

2873. श्री रुद्र नारायण पाणीः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या यह सच है कि ओडिशा में 'हर घर नल से जल' योजना के काम की गति बहुत धीमी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) सरकार द्वारा इसके निवारण के लिए क्या उपाय किए गए हैं/किए जाने का विचार है; और
(ग) ढेंकनाल और अंगुल जिलों में उक्त योजना की वर्तमान स्थिति क्या है और उक्त कार्य कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री वी. सोमण्णा)

(क) से (ग) भारत सरकार अगस्त 2019 से ओडिशा राज्य सहित राज्यों की भागीदारी में कार्यशील नल जल कनेक्शन के माध्यम से पीने योग्य जल अर्थात नियमित और दीर्घकालिक आधार पर निर्धारित गुणवत्ता (बीआईएस: 10500) के 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन (एलपीसीडी) के सेवा स्तर का प्रावधान करने हेतु जल जीवन मिशन (जेजेएम)-हर घर जल को क्रियान्वित कर रही है।

अगस्त 2019 में जल जीवन मिशन की शुरुआत के समय ग्रामीण परिवारों में नल जल तक पहुंच बढ़ाने की दिशा में, जेजेएम के शुभारंभ के बाद से ओडिशा राज्य में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, केवल 3.11 लाख (3.5%) ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन होने की सूचना

थी। अब तक, राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, दिनांक 09.12.2024 तक, जेजेएम के तहत 64.16 लाख से अधिक और ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार, 09.12.2024 की स्थिति के अनुसार, राज्य में लगभग 88.70 लाख ग्रामीण परिवारों में से 67.27 लाख (75.84%) से अधिक परिवारों के पास उनके घरों में नल जल आपूर्ति की सुविधा होने की सूचना है और राज्य द्वारा उसकी आयोजना के अनुसार शेष 11.43 लाख परिवारों को कवर किए जाने की आशा है।

इसी तरह, ओडिशा के ढेंकनाल जिले में 2.14 लाख और परिवारों तथा अंगुल जिले में 2.27 लाख और परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं और अब ढेंकनाल तथा अंगुल जिलों में क्रमशः 2.27 लाख (83.73%) और 2.36 लाख (76.56%) से अधिक परिवारों को उनके घरों में नल जल आपूर्ति मिल रही है। इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में मिशन के तहत प्रदान किए गए नल जल कनेक्शन की जिला-वार और ग्राम-वार स्थिति भी पब्लिक डोमेन में है और जेजेएम डैशबोर्ड पर निम्न लिंक पर उपलब्ध है:

https://ejalshakti.gov.in/jjmreport/JJMIndia.aspx

*****